प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : **09.02.2025** प्रसारण समय : **19:20** बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल महाकुंभ में संगम में लगायेंगी आस्था की डुबकी : अक्षयवट और हनुमान मंदिर में भी करेंगी दर्शन–पूजन।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल छात्रों से करेंगे परीक्षा पे चर्चा : प्रदेश के अलग–अलग विद्यालयों के 36 छात्र भी कार्यक्रम में होंगे शामिल।
3. रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने गोरखपुर जंक्शन पर प्रस्तावित मॉडल स्टेशन का किया निरीक्षण : कहा– संस्कृति और विरासत को ध्यान में रख कर हो रहा निर्माण।

और

4. राज्य में सिपाही भर्ती के लिए कल से शुरू होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा : पुलिस भर्ती बोर्ड ने पूरी की सभी तैयारियां।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल प्रयागराज आ रही हैं। श्रीमती मुर्मू संगम पहुंच कर त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगायेंगी और महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता की साक्षी बनेंगी। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से...

राष्ट्रपति आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और इस दौरान अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन–पूजन भी करेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। देश के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद के बाद श्रीमती मुर्मू दूसरी राष्टपति हैं जो महाकुंभ में स्नान करेंगी।

राष्ट्रपति डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र का अवलोकन भी करेंगी जहां महाकुंभ मेले के महत्व के बारे में तकनीकि माध्यमों से विस्तृत जानकारी मुहैया करायी जा रही है। यह डिजिटल महाकुंभ एक्सपीरियंस सेंटर श्रद्धालुओं को इस विराट आयोजन को और ज्यादा नजदीक से अनुभव करने के लिए बनाया गया है। राष्ट्रपति के दौरे के मद्‌देनज़र प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद कर दी गई है। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।

——————————

प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुम्भ के दौरान संगम में श्रद्धालुओं के आस्था की डुबकी लगाने का सिलसिला जारी है। इस क्रम में आज शाम तक एक करोड़ 23 लाख से अधिक श्रद्धालुओं और अब तक 43 करोड़ से अधिक लोगों ने संगम में स्नान किया है।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के तहत छात्रों से बातचीत करेंग। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के 'भारत मण्डपम' में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 36

विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों से किया गया है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल और शिक्षा तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जायेगा।

परीक्षा पे चर्चा के प्रति विद्यार्थियां में खासा उत्साह है। मेरठ जिले में संचालित के. एल. इंटरनेशनल स्कूल में बारहवीं कक्षा में पढ़ रही परिणिका गर्ग ने कहा कि यह विशेष कार्यक्रम छात्रों के लिए बहुत उपयोगी है। बाइट...

*इसमें प्रधानमंत्री जी और कई अन्य सेलिब्रेटीज हमारे बोर्ड एग्जाम में शामिल हाने के लिए काफी टिप्स देंगे जो कि हमारे काफी यूजफुल हो सकते हैं। मैंने टेन्थ में भी इसमें पार्ट लिया था तो उस टाइम की टिप्स तो मेरे बहुत काम आई थी और मैंने बहुत अच्छा परफॉर्म करा था, अपने टेन्थ बोर्डस में और इस कार्यक्रम में पैरेंट स के लिए भी कॉफी टिप्स होती है। मैं बहुत उत्साहित हूं, इसके लिए क्योंकि इसमें हमें जो टिप्स मिलती है उससे स्ट्रेस फ्री हो सकते हम जान सकते हैं कि हमें क्या–क्या करना चाहिए, सफल होने के लिए।*

वहीं अमरोहा के ज्योति शिक्षा सदन इण्टर कॉलेज की प्राचार्या सुमन सैनी का कहना है कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त बनाने में अहम भूमिका निभाता है।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली और अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत को अभूतपूर्व करार दिया है। श्री मोदी कल भाजपा की जीत के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को नई दिल्ली में सम्बोधित कर रहे थे। श्री मोदी

ने कहा कि इन चुनावों में हर वर्ग ने भारी संख्या में भाजपा के लिए मतदान किया है।

*अयोध्या के मिल्कीपुर में भी भाजपा को शानदार जीत मिली है, हर वर्ग ने भारी संख्या में भाजपा के लिए मतदान किया है। अभूतपूर्व विजय दिया है। आज देश तुष्टिकरण नहीं बल्कि भाजपा के संतुष्टिकरण की पॉलिसी को चुन रहा है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा योगी सरकार ने प्रदेश में कानून, विकास और सुशासन का नया अध्याय लिखा है और लोग सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों से प्रभावित हैं।

——————————

उत्तर प्रदेश विधान मंडल का बजट सत्र 18 फरवरी से शुरू होगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। बजट 19 फरवरी को विधानसभा में पेश किया जाएगा। यह सत्र करीब एक सप्ताह तक चलने का अनुमान है।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

रलमंत्री अश्विनी वैष्णव आज गोरखपुर में गोरखपुर जंक्शन को मॉडल स्टेशन बनाये जाने के प्रस्तावित मॉडल का निरीक्षण किया। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि गोरखपुर मॉडल स्टेशन के काम में और तेजी लाई जा रही है और इसकी डिजाइन यहां की संस्कृति और विरासत को ध्यान में रख कर बनाई गई है।

*काम में बहुत तेजी आई है और स्टेशन की डिजाइन अगर आपने देखी है विरासत को ध्यान में रखकर स्टेशन की डिजाइन बनायी गयी है। गोरखपुर एयरपोर्ट पर जो नया टर्मिनल बन रहा है जहां रेलवे और एयरपोर्ट की व्यवस्था को इंटीग्रेड करके दोनों को जोड़कर क्या एक ऐसा नया स्टेशन भी बन सकता है जो एयरपोर्ट से लगा हुआ हो, जो हमारे एयरपोर्ट के डारेक्टर है और रेलवे के जनरल मैनेजर है दोनों को साथ बैठकर इसकी पूरी प्लानिंग करने को कहा गया है।*

इस दौरान रेलवे महाप्रबंधक सौम्या माथुर और मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार भी मौजूद थे।

———————————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा है कि राज्य सरकार वंचित वर्गों के उत्थान के प्रति संवेदनशील है और इस दिशा में विभिन्न विकासोन्मुखी और कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। श्री पाठक आज लखनऊ के गोमतीनगर में भागीदारी साहित्य उत्सव के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस उत्सव में वंचित समाज के लोगों द्वारा रचित साहित्य पर चर्चा सराहनीय कदम है। इस कोशिश से

वंचित तबके में न सिर्फ जागरूकता बढ़ेगी बल्कि उन्हें आगे बढ़ने का अवसर भी मिलेगा। बाइट...

*भागीदारी साहित्य उत्सव में आये हुए सभी का हृदय से स्वागत करता हूं, जो युवा साथी आये हैं उनका मैं अभिनंदन करता हूं। आदरणीय असीम अरूण जी और उनकी टीम ने बहुत बेहतर संयोजन में देश के उन वंचित पीड़ित वर्गों के बारे में चिंता करने का काम किया है जिनको मुख्यधारा में लाने की अभी भी काम करना है। मुझे पूरी उम्मीद है कि साहित्य उत्सव के माध्यम से विभिन्न साहित्यकार को अपने प्रकाशन की जो पुस्तकें हैं उनकी चर्चा यहां पर करेंगे और वंचित, पीड़ित वर्ग को आने वाले समय में और बड़े अवसर मिल पायेंगे।*

इस अवसर पर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने कहा कि इस उत्सव का उद्‌देश्य हाशिए की आवाजों को समाज के सामने लाना है।

———————————

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड द्वारा सिपाही भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा कल से शुरू हो रही है। इस परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और यह परीक्षा कई चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण के लिए प्रवेश पत्र तीन फरवरी से वेबसाइट पर डाउनलोड किए जा रहे थे, जबकि दूसरे चरण के लिए प्रवेश पत्र 10 फरवरी से डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोर्ड के अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने बताया कि प्रवेश पत्र बिना किसी व्यवधान के uppbpb.gov.in वेबसाइट से डाउनलोड किए जा रहे हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कोई समस्या आती है, तो वह हेल्पलाइन नंबर 8867786192 पर संपर्क कर सकता है।

————————

प्रदेश में अलग–अलग सडक दुर्घटनाओं में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गयी और नौ लोग घायल हो गये। फतेहपुर जिले में आज आरटीओ ऑफिस के करीब एक तेज रफ्तार कार सड़क के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी जिसके नतीजे में दो श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गये। यह सभी श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान कर मैनपुरी वापस जा रहे थे। वहीं सोनभद्र जिले के बभनी इलाके में आज सुबह कार और ट्रक की आमने–सामने टक्कर में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को रिफर कर दिया गया है। यह सभी एक ही परिवार के हैं और महाकुंभ स्नान के बाद अपने गृह राज्य छत्तीसगढ़ वापस जा रहे थे।

————————

दिल्ली, गाज़ियाबाद और मेरठ के बीच निर्माणाधीन भारत के प्रथम नमो भारत कॉरिडोर को शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। एनसीआरटीसी ने आज से मेरठ साउथ और मेरठ के शताब्दी नगर के बीच के अतिरिक्त छह किलोमीटर के सेक्शन पर ट्रायल–रन शुरू कर दिया। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि छह किलोमीटर के इस अतिरिक्त खंड में शताब्दी नगर

नमो भारत स्टेशन के अलावा परतापुर और रिठानी के दो मेट्रो स्टेशन भी शामिल हैं।

———————————

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर राज्य में कल से एक से 19 वर्ष के बच्चों, किशोरों और युवाओं को पेट के कीड़ों से बचाव के लिए एलबेंडाजोल दवा खिलाई जाएगी। इस वर्ष स्वास्थ्य विभाग ने 10.36 करोड़ बच्चों को इस अभियान के तहत कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जो बच्चे 10 फरवरी को दवा लेने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 14 फरवरी को मॉप–अप राउंड में दवा दी जाएगी।

———————————